जागरण

पूर्वी टुंडी के तिलयबाद गांव में अवैध शराब की फैक्ट्री का पर्दाफाश

Publish Date:Sun, 01 Nov 2020 09:52 PM (IST)Author: **Jagran**

पूर्वी टुंडी रूपन पंचायत अंतर्गत तिलयबाद गांव में विशेश्वर टुडू के घर में चल रही अवैध नकली शराब फैक्ट्री का पुलिस ने पर्दाफाश किया है।

पूर्वी टुंडी : रूपन पंचायत अंतर्गत तिलयबाद गांव में विशेश्वर टुडू के घर में चल रही अवैध नकली शराब फैक्ट्री का रविवार शाम पुलिस ने पर्दाफाश किया। पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली शराब बनाने की सामग्री बरामद किया। छापेमारी होते ही धंधेबाज भाग खड़े हुए। गुप्त सूचना के आधार पर रविवार शाम चार बजे डीएसपी हिमांशु चंद्र मांझी के नेतृत्व में पूर्वी टुंडी थाना प्रभारी कमलनाथ मुंडा व टुंडी थानेदार शारदा रंजन प्रसाद सिंह ने दलबल के साथ तिलयबाद गांव में छापेमारी की। पुलिस को 13 ब्लू गैलन में 400 लीटर स्प्रिट, 200 पीस आरएस का नया ढक्कन, 200 पीस आरएस का कवर, तीन लीटर केमिकल, 100 पीस आरएस की खाली बोतल व अन्य सामान बरामद हुआ। पुलिस सामान जब्त कर पूर्वी टुंडी थाना ले आई। घर में रखे हजारों खाली बोतल को नष्ट कर दिया। डीएसपी ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार में विशेश्वर टुडू सीधे तौर पर संलिप्त है। उसके सहयोगी के रूप में लबेश्वर टुडू व अन्य लोगों के भी शामिल होने की जानकारी मिली है। इनके खिलाफ पूर्वी टुंडी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। विशेश्वर टुडू रुपन पंचायत के एक वार्ड का सदस्य पति है।

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/dhanbad-purvi-tundi-news-dhanbad-21001377.html